# डॉ . गेडाम दंपत्ति की जांच हेतु कलेक्टर ने दिए आदेश

**जिलास्तरीय जांच दल पहुंचा केवलारी सिविल अस्पताल**



**केवलारी नवभारत।** सिविल अस्पताल केवलारी में पदस्थ डॉक्टर प्रदीप गेडाम एवं उनके धर्मपत्नी सुजाता गेडाम पर मरीजों से खुलेआम रिश्वत लेकर काम करने की गंभीर आरोप लगाए गए थे जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में अनफिट सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर डॉक्टर प्रदीप गेडाम द्वारा 200 रुपए लिया गया। साथ ही पत्रकार प्रवीण दुबे के साथ में डॉ गेडाम दंपत्ति द्वारा बत्तामीजी की गई। वायरल वीडियो में डॉक्टर सुजाता गेडाम द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होनेके बाद श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पैसे लेकर काम करने वाले एवं पत्रकार से बत्तमीजी करने वाले गेडाम दंपति की शिकायत जिला कलेक्टर एवं सीएमएचओ सिवनी से की गई। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमएचओ द्वारा डॉक्टर प्रदीप गेडाम को केवलारी अस्पताल से हटा दिया गया एवं कलेक्टर द्वारा निष्पक्ष जांच हेतु टीम बनाकर जांच के आदेश दिए गए थे।

### जांच टीम ने लिए शिकायतकर्ताओं के बयान

कलेक्टर के निर्देशन में बनी जांच टीम एवं विभागीय अधिकारियों ने केवलारी सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचकर शिकायतकर्ताओं एवं अन्य के स्वतंत्र बयान लिए। वहीं स्थानीय जागरूक नागरिकों ने भी पहुंचकर डॉ गेडाम दंपत्ति द्वारा केवलारी सिविल अस्पताल में की जा रही गड़बड़ियों लेनदेन को मय प्रमाण प्रस्तुत किया जिसमें केवलारी, उगली, छीन्दा एवं पलारी चौराहा में डॉ दंपत्ति द्वारा प्राइवेट क्लीनिक संचालित करने, मरीजों को बाहर के मेडिकल की दवाइयां लिखना और चिन्हित मेडिकलों से ही दवाई लेने का दबाव बनाने के प्रमाण प्रस्तुत किए हैं। साथ ही डॉ गेडाम दंपत्ति द्वारा ओपीडी में आए मरीजों को प्राइवेट में इलाज कराने का दबाव बनाने व उन्हें अपने घर में बुलाकर फीस के रूप में मोटी रकम लेने की भी शिकायत की गई है। कुछ शिकायतकर्ताओं ने मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने और ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने के भी आरोप लगाए हैं। वहीं जांच दल ने शिकायतकर्ताओं के साथ साथ आरोपी डॉ दंपत्ति के भी बयान लिए गए हैं जिसमें उन्होंने भी अपना पक्ष रखा।

इस पूरी जांच में जांचअधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री रवि शंकर सेन, जयपाल सिंह ठाकुर सीएमएचओ, संदीप पटले उप संचालक सामाजिक न्याय सिवनी, शशांक मेश्राम तहसीलदार केवलारी शामिल रहे.

# पति-पत्नी की मौत के बाद पुत्र भी मौत के आगोश में



**धारनाकला नवभारत।** सिवनी बालाघाट रोड की दुर्दशा कै कारण इस रोड मे आऐ दिन दुर्घटनाऐ घटित हो रही है किसी के सिर से पिता का साया तो किसी परिवार मे परिवार की जवान बेटे की मौत की कहानी आऐ दिन बन रही है और यही कारण की लोग अब सिवनी बालाघाट सडक को खूनी सडक के नाम से ज्यादा जानने के साथ इस सडक को यही नाम दे रहे है। उल्लेखनीय है की 6 अक्टूबर को बोलेरो एवं मोटर साइकिल की भीषण दुर्घटना मे दो जाने एक साथ गई थी और घटना स्थल पर ही पिता तथा माता ने दम तोड दिया था वही बेटा गम्भीर रूप से घायल था जिसका उपचार डाक्टरों के द्वारा रिफर किये जाने के पश्चात नागपुर मे चल रहा था किन्तु दुर्घटना मे बुरी तरह चोटिल सिद्दीक भी जिन्दगी की जंग नही जीत पाया और मौत के आगोश मे समा गया और इस तरह भीषण दुर्घटना मे एक ही परिवार के तीन सदस्यो के गुजर जाने के बाद परिवार के साथ साथ ग्राम मे भी मातम की लहर छाई हुई है।

**ढाई वर्ष के बच्चे के सिर से उठा पिता का साया**

यहा यह भी उल्लेखनीय है की ढाई वर्षीय अबोध बालक के सिर से 6 अक्टूबर को जहा दादा दादी का साया उठा था वही दूसरी तरफ आज बालक के सिर से पिता का साया भी उठ गया सिवनी बालाघाट रोड की जर्जर हालत रोड मे भारी गडढे और सकरी रोड तथा बढ़ते ट्राफिक के कारण आऐ दिन दुर्घटनाऐ घटित हो रही है और लोगो की जाने जा रही है इसके बाद जिले तथा ब्लाक के जवाबदार प्रति निधि सिर्फ सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन मे तब्दीली की वाहवाही लूटने के लिये फेस बुक तथा सोशल मीडिया मे छाये हुऐ है किन्तु फोर लाईन के निर्माण की दिशा मे कोई सार्थक पहल करते नजर नही आ रहे जबकि मुख्य मन्त्री मोहन यादव की सिवनी बालाघाट रोड को फोर लाईन मे तब्दील करने की घोषणा को भी एक वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु फोर लाईन के निर्माण की प्रक्रिया तो दूर रोड के गडढे तक नही भरे गये और न ही गहरे साईड सोल्डर को सुधारने का प्रयास किया गया और यही कारण है की सिवनी बालाघाट रोड भीषण दुर्घटनाओ का क्रम लगातार जारी है।

**एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन**

एक ही परिवार के तीन सदस्यो की मौत से आक्रोशित परिवार तथा बरघाट छेत्र के जनमानस के द्वारा विरोध मे एस डी एम के नाम ज्ञापन सौपते हुऐ परिवार को आर्थिक सहायता के साथ साथ एक सदस्य को नौकरी दिये जाने की भी मांग भी रखी गई है मृतक सिद्दीक के शव के साथ थाना प्रभारी पुलिस बल के समक्ष सिवनी बालाघाट रोड मे हो रही आऐ दिन दुर्घटनाओ को लेकर आज जनता का आक्रोश भी खुलकर सामने आया है जबकि सिवनी बालाघाट रोड के निर्माण को लेकर सत्याग्रह से लेकर ज्ञापन अनेको बार सौपे जा चुके है किन्तु आज तक इस रोड का सुधार सामने नही आया।

**घर में घुसा ट्रक, बचा युवक**

यहा यह बताना भी लाजिमी है बीती रात्री मे सिवनी बालाघाट रोड पर जेवनारा ग्राम बाला जी कंपनी का ट्रक रोड के किनारे एक घर मे जा घुसा जिसमे ग्राम पंचायत धारनाकला के सरपंच तथा भाजपा नेता के पुत्र भी बाल बाल बचे है हालाकि कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई किन्तु इतना जरूर है सिवनी बालाघाट रोड की दयनीय स्थिति जरूर भीषण दुर्घटनाओ का कारण बनते जा रही है

**रोड के किनारे तक अतिक्रमण दुर्घटनाओं को आमंत्रण**

जहा जिले की संवेदन शील जिला कलेक्टर आऐ दिन शासकीय जमीन से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दे रही है किन्तु जमीनी हकीकत मे कलेक्टर के निर्देश पर अमल नही हो रहा है यही कारण है सिवनी बालाघाट रोड मे रोड के किनारे तक अवैध कब्जे आवागमन मे बाधक बनने के साथ ही दुर्घटनाओ का कारण भी बन रहे है किन्तु इस दिशा मे भी जवाबदारो का ध्यान न जाना समझ से परे है।

# शिक्षक और बेटे पर छात्र के जेवर हड़पने का आरोप

**पुलिस पर मामले को दबाने का भी आरोप**

**सिवनी नवभारत।** राजपूत कॉलोनी निवासी कमल शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक सिवनी को आवेदन देकर सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक महेश चौबे और उनके पुत्र नैतिक चौबे पर नाबालिग बेटे को ब्लैकमेल कर घर के जेवर हड़पने का आरोप लगाया है।

श्री शुक्ला के अनुसार उनका पुत्र समर्थ शुक्ला कक्षा सातवीं में पढ़ता है, जबकि नैतिक उसी स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा में है। 6 अक्टूबर को समर्थ के बैग से सोने का कंगन मिलने पर पूछने पर उसने बताया कि यह नैतिक चौबे को देना था। बाद में घर से दूसरा कंगन, चेन, झुमके और चांदी की पायल भी गायब मिली।

**वीडियो वायरल करने की धमकी**

समर्थ ने बताया कि नैतिक और उसके साथी लकी उर्फ प्रिंस सिंगौर ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे जेवर ले लिए। शिकायत पर पुलिस ने नैतिक, लकी और चंदु चौधरी से पूछताछ की, जिसमें जेवर बेचकर आईफोन खरीदने की बात सामने आई। कमल शुक्ला का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उन पर दबाव बनाकर सिर्फ 50,000 दिलवाकर मामला रफादफा कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों का पक्ष लिया और जांच में कई तथ्य छिपाए गए।

श्री शुक्ला ने यह भी कहा कि शिक्षक महेश चौबे ने घटना में अहम भूमिका निभाई, कंगन ज्वेलरी वाले से लाने की बात पुलिस से छिपाई और बेटे से पूछताछ नहीं की। पीड़ित परिवार ने नैतिक चौबे, महेश चौबे और साथियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि आईजी को भी प्रेषित की है। शिकायतकर्ता ने न्याय की मांग की है।

## 1 करोड़ 3 लाख 70 हजार अवार्ड पारित



**सिवनी नवभारत।** न्याय की राह पर एक बड़ी मिसाल कायम करते हुए मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, वारासिवनी ने क्लेम प्रकरण क्रमांक 2019/2022 (मोनिका विरुद्ध रामप्रसाद एवं अन्य) में आवेदक पक्ष के हक में एक करोड़ तीन लाख सत्तर हजार रुपये का क्षतिपूर्ति अवार्ड पारित किया है। यह निर्णय 16 अक्टूबर 2025 को सुनाया गया और इसे अब तक का वारासिवनी न्यायालय का सबसे बड़ा मुआवजा अवार्ड बताया जा रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी सिवनी के वरिष्ठ अधिवक्ता शिशुपाल यादव, सहायक अधिवक्ता सुरेंद्र वाघाडे एवं राज ठाकुर ने की। अधिवक्ता दल ने सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण निर्णयों का हवाला देते हुए प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह ऐतिहासिक आदेश पारित किया। निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शिशुपाल यादव ने कहा कि मृतक की कमी तो पूरी नहीं की जा सकती, परंतु यह निर्णय निश्चित रूप से परिवार के सामाजिक और आर्थिक स्तर का सुदृढ़ करेगा। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यह फैसला न्यायिक संवेदनशीलता और कानूनी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसे क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

## छोटे किसानों की उपज और आय में वृद्धि के उद्देश्य से रबी मक्का महोत्सव का किया आयोजन

सिवनी नवभारत। जिले एवं 10 अक्टूबर से बैतूल, छिंदवाड़ा, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रतलाम और सिवनी जिलों के गांवों में किसान बैठक की जा रही है। कार्यशाला में लाइव प्रदर्शन, कृषि संबंधी प्रशिक्षण और डेकाल्ब हाइब्रिड्स से जुड़ी जानकारियाँ प्रदान की जा रही हैं।

फसल की कटाई, मड़ाई और क्रॉप कार्निवल जैसे लाइव फील्ड कार्यक्रमों के माध्यम से डेकाल्ब हाइब्रिड्स की बेहतर उपज और प्रदर्शन को प्रदर्शित किया जा रहा है। बायर, जो स्वास्थ्य सेवा और कृषि में वैश्विक विशेषज्ञता रखता है, मध्य प्रदेश के प्रमुख जिलों में किसानों के लिए कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इन कार्यशालाओं में मक्का के महत्व जैसे खाद्य, चारा और सतत ईंधन के रूप को बताया जाएगा। ये किसान-केंद्रित रोड शो बेतुल, छिंदवाड़ा, सिवनी, इंदौर, भोपाल, जबलपुर और रतलाम के गांवों में होंगे, जो छोटे किसानों की बेहतर उपज और आय बढ़ाने में बायर की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। 10 अक्तूबर से ही उपरोक्त जिले के गांवों में किसान बैठक की जा रही है। मक्का ( कॉर्न / माइज ) एक वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण फसल है और यह भोजन, पशु आहार और औद्योगिक कच्चे माल का अहम स्रोत है। भारत में मक्का खासतौर पर छोटे किसानों के लिए खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन नवाचारों के जरिए, बायर का उद्देश्य पूरे भारत में सतत कृषि को बढ़ावा देते हुए मक्का किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाना है। ये संवादात्मक / कार्यशालाएँ किसानों को आधुनिक फसल प्रबंधन की पूरी जानकारी देंगी, जिससे उनकी उपज बढ़ेगी और मिट्टी स्वस्थ रहेगी। कार्यक्रम में खेत में सीधे लाइव प्रदर्शन दिखाए जाएंगे, ताकि किसान नई तकनीकें अपने अनुभव में देख सकें। इसके अलावा, वे उन किसानों की सफलताओं की कहानियाँ सुनेंगे जिन्होंने डेकाल्ब हाइब्रिड्स से बेहतर उपज पाई है। विशेषज्ञ टिकाऊ खेती के तरीके बताएँगे, जिससे किसान अधिक उत्पादन कर सकें और मिट्टी की सेहत भी बनाए रख सकें। साथ ही, फार्मराइज ( फॉर्म राइस ) ऐप के क्यूआर (क्यू आर ) कोड आधारित रिवॉर्ड सिस्टम जैसी गतिविधियों के जरिए किसान इनाम जीत सकते हैं और बायर के कृषि नेटवर्क से जुड़े रह सकते हैं। इस पहल पर बोलते हुए बायर इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के क्लस्टर कमर्शियल लीड (क्रॉपसाइंस डिवीज़न) मोहन बाबू ने कहा, एंड क्यूट ;बायर में हमारा उद्देश्य हर किसान को सही जानकारी, तकनीक और फसल समाधान देकर सशक्त बनाना है।

## कुरई क्षेत्र का भ्रमण, सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा



**सिवनी नवभारत।** गत दिवस नगर अध्यक्ष दयाराम उर्फ बबलू कौशले, कोषाध्यक्ष बी डी नाग, व विष्णु कौशले,के साथ मिलकर जिले के कुरई क्षेत्र में भ्रमण किया गया । इस दौरान स्वजातीय बंधुओं ने आत्मीय सम्मान किया और प्रसन्नता व्यक्त किए। सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई ।सामाजिक बंधुओं से मिलकर अनुभूति हुई। ग्राम गोपालगंज, मुंडारा, सुकतरा, मोहगांव कुरई, वहीदाबाद, रामपुरी, पिंडरई पाटन, जामरापानी आदि ग्रामों में भ्रमण किया गया। और के के डोंगरे अध्यक्ष जिला कतिया समाज की उपस्थिति में समिति शाखा सिवनी के साथ भ्रमण करते हुए समाज की हित के लिए सभी सामाजिक बंधुओ से जाकर समाज के हित की बात किया और संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार समाज द्वारा गांव-गांव शहर शहर घूम कर जाती बंधुओं को मनोबल बढ़ाते हुए समाज की नौजवान युवक सहित बुजुर्गों का मार्गदर्शन लेकर पूरे जिले में इस समय संगठन द्वारा भ्रमण किया जा रहा है इसके अलावा समाज के हित के लिए हर तरह का प्रयास जारी है जिसको लेकर कतिया समाज में एक अलग ही पहल दिखाई दे रही है जिससे पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कतिया समाज का संगठन इस समय समाज के हित के लिए काम कर रहा है।

# पुरुष व महिला वर्ग में सिवनी बना विजेता

**राज्य स्तर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का होगा सिवनी मे आयोजन**



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सिवनी में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छिंदवाड़ा , पाण्डुर्ना, बालाघाट और सिवनी जिले के कॉलेजों के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि राज्य के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी की टीम विजेता बनी छिंदवाड़ा जिले की टीम उपविजेता रही।

**पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित**

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने किया। विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में श्रीमती अर्चना पाठक उपस्थित रही प्रतियोगिता को संम्पादित कराने मे संदीप मिश्रा, चंदन मिश्रा, मनीष परिहार का सहयोग रहा

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए डॉ पवन वासनिक, डॉ सविता मसीह, डॉ जे नावकर, के के बरमैया, डॉ श्याम सिंह राहँगडाले सहित स्पोर्ट ऑफिसर, कमलेश टेंभरे,डॉ कादीर खान , स्पोर्ट ऑफिसर, डॉ मधु भदौरिया,डॉ सपन जाट, डॉ सायमा सरदेशमुख, जसवंत सिंह राजपूत, सुधीर डेहरिया , शिवानी साहू, समेत महाविद्यालय के कर्मचारी व अधिकसरी उपस्थित थे।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में शहर के दर्शकों की भीड़ रही। विजेता टीमों को अब राज्य स्तर पर सिवनी मै ही खेलने का अवसर मिलेगा। स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी मै नंबर के द्वितीय सप्ताह आयोजित होंगी अंत मै सभी के प्रति आभार और धन्यवाद जताया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वित्तीय साक्षरता व जनजागरण अभियान चलाया



**छपारा नवभारत।** नगर से 16 किलोमीटर दूर ग्राम चमारी खुर्द के सार्वजनिक जगहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनपद क्षेत्र अंतर्गत चमारी खुर्द स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा द्वारा शुक्रवार 17 अक्टूबर को ग्राम में एक वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बैंक द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं बचत के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक द्वारा शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं जिनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को विभिन्न प्रकार से होने वाली ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। साथ ही शाखा प्रबंधक मनोज कुमार राम ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक का उद्देश्य आमजन को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने भविष्य एवं परिवार की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम में बैंक का स्टाफ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चमारीखुर्द के शिक्षक ए.के.पांडे सहित अनेक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री राजेश कोल ने आज कुरई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दावा-आपत्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

**उपलब्धि** मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा

# मिडास हॉस्पिटल को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की मिली मान्यता




**जबलपूर।** नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक, वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी।

इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे।

वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा, जिसमें लिवर पर होने वाली अत्याधुनिक एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी शामिल होगा। पिछले एक साल में इटली, फ्रांस, रवांडा, साउथ अफ्रीका, यूएई, ओमान और फिलीपींस सहित कई देशों के डॉक्टर मिडास हॉस्पिटल आकर अतिरिक्त प्रशिक्षण ले चुके हैं।

मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मिली यह मान्यता नागपुर और मध्य भारत में विश्वस्तरीय गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और एंडोस्कोपी सेवाएं देने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत के डॉक्टरों के कौशल को बढ़ाना और एंडोस्कोपी में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धतियों को लागू करना है।

मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर के डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत मुकेवार ने कहा, हमें डॉ. कुलविंदर दुआ का स्वागत करते हुए खुशी और गर्व महसूस हो रहा है, साथ ही वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन से मिली इस मान्यता पर हमें गर्व है। डॉ. सौरभ मुकेवार, डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताया,यह मान्यता मिडास हॉस्पिटल के एंडोस्कोपी प्रशिक्षण कार्य को और मजबूती देगी और इससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा।

**मिडास हॉस्पिटल के बारे में**

वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल नई चिकित्सा पद्धतियों और सहानुभूतिपूर्ण मरीज की देखभाल के माध्यम से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अत्याधुनिक सुविधाओं और उच्च कौशल वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ, हमने हाल ही में वर्धा रोड, नागपुर में अपने नए 168-बेड वाले मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया है। यह सुविधा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक से सुसज्जित है, जो एक ही छत के नीचे समग्र स्वास्थ्य सेवाएं देती है।

मिडास हॉस्पिटल, नागपुर चिकित्सा उत्कृष्टता और रोगी-केंद्रित उपचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। मिडास हॉस्पिटल नागपुर और मध्य भारत के क्षेत्र में एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता है, जो मरीजों को सर्वोत्तम इलाज देने और चिकित्सा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे अनुभवी डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक की वजह से मरीजों को बेहतर उपचार और संतोषजनक परिणाम मिलते हैं। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी क्षेत्र में 40 साल से अधिक की उत्कृष्टता की परंपरा बनाए रखने के बाद, अब मिडास हॉस्पिटल में कई सुपर स्पेशलिटी सेवाएं शुरू की गई हैं। इनमें कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस सहित), यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी, सायकेट्री, ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट, जनरलऔर लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गायनेकोलॉजी, ईएनटी, डर्मेटोलॉजी साथ ही लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी उच्च स्तरीय ट्रांसप्लांट सेवाएं शामिल हैं । मिडास हॉस्पिटल की ये सभी सुविधाएं मध्य भारत के मरीजों के लिए एक ही जगह उपलब्ध हैं, ताकि मरीज निश्चिंत रह सकें कि मिडास हॉस्पिटल, नागपुर उनके सभी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए एक भरोसेमंद हॉस्पिटल है।

# साउंड ऑर्गनाइजर एसोसिएशन ने कलेक्टर से की भेंट



**सिवनी नवभारत।** साउंड ऑर्गनाइजर एसोसिएशन द्वारा नवागत कलेक्टर शीतला पटले से सौजन्य भेंट की गई, एवं उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अध्यक्ष पिंकी उपाध्याय द्वारा उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर 13 दिसम्बर 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम एक शाम देश के नाम की रूपरेखा से अवगत कराया गया एवं सहयोग की प्रार्थना की गई । इसमें उपस्थित सदस्य में कन्हैया यादव, आशीष दुबे, अमित निखारे, विनय चौहान, अभिषेक बेदी थे। और सिवनी जिले को अलग पहचान बनाने को कहा साथ ही कुछ समस्या को लेकर भी अवगत कराया गया जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम जिले के लिए कुछ अच्छा ही करेंगे।

**Name Change**

I, Indrajeet Ramkumar Baghel, S/o Sh. Ram-kumar Baghel, R/o Seoni, M.P - 480661 have changed my name to Indrajeet Baghel for all future purposes.

**Name Change**

I, Prathna Baghel, W/o Sh. Ramkumar Baghel, residing at Seoni, M.P-480661, have changed my name to Prarthna Baghel for all future purposes.



श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
श्री श्याम आयुर्वेदिक, गोपाल मेडिकल के सामने, आशीर्वाद हास्पिटल के पास, शुक्रवारी सिवनी मो. 8989145127